तलैया वॉलीबॉल निगम के भेलवा तालाब में विगत 18 वर्षों से चल रहा है

भिलाईनगर। भिलाई नगर निगम के भेलवा तालाब में विगत 18 वर्षों से तलैया वॉलीबॉल लगातार चल रहा है। वहां पर रेत डालकर खिलाड़ी लोग वॉलीबॉल खेलते हैं। एक तरफ सुंदर सा तालाब है। दूसरे तरफ अंदर में वॉलीबॉल का ग्राउंड है। उसमें रेत डाल करके वॉलीबॉल ग्राउंड बनाया गया है। लोग वहां सुबह 7रू00 से वॉलीबॉल खेलना शुरू कर देते हैं। यह लगातार 10रू00 तक चलता रहता है। खिलाड़ी आते हैं शामिल होते हैं फिर अपने समय के हिसाब से चले जाते है। 18 साल से लेकर के 65 साल के खिलाड़ी खेलते हैं। जो भी वहां पर एक्सरसाइज करने आता है सब उत्साह देखकर के वह भी खेलने लगता है। वहां पर शर्त लगता है, जो जो हारती है वह टीम नाश्ता कराती है। नगर निगम भिलाई द्वारा समय—समय पर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके बारे में यतींद्र चंद्राकर ने बताया समुद्र के किनारे बालू में वॉलीबॉल खेलना देखकर के हम लोगों को भी लगा की ज्यादा प्रेक्टिस ताकत बालू में खेलने से लगेगा। हम सब बिजनेसमैन, निगम के ठेकेदार, नौकरी करने वाले, पढ़ने वाले सभी तरह के लोग हैं। कम समय में खेल करके अपने आप को फिट रखना चाहते हैं। इसीलिए भेलवा तालाब के किनारे बालू डाल करके खेलना शुरू दिया गया। जो ठंड, गर्मी, बरसात मे विगत 18 साल से चल रहा है। अब तलैया वॉलीबॉल हो गया है। सभी खिलाड़ियों में एक पारिवारिक माहौल है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय तालाब का निरीक्षण करने के लिए आए थे। उन्हें भी यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पर चारों तरफ हरियाली है। बीच में सरोवर है। कुछ लोग एक तरफ पर योग कर रहे हैं, हैप्पी ग्रुप के तरफ से कहीं लाफिंग हो रहा है। एक तरफ जिम चल रहा है। एक तरफ लोग व्यायाम कर रहे हैं। तो एक तरफ लोग वॉलीबॉल खेल रहे हैं। कुछ लोग बत्तखों को दाना, रोटी खिलाने आते हैं। बहुत ही खुशनुमा माहौल रहता है। बोले मैं शाम के समय में फिर देखने, टहलने आऊंगा। इसको और डेवलप करेंगे। खिलाड़ियों में प्रमुख रूप से जय कुमार शर्मा, दयाल भमभवानी, भूषण, राज किशोर विश्वकर्मा, सी विजू, राहुल कोठारी नीलेश कोठारी, वीरेंद्र सिंह, श्रीनिवास अग्रवाल, आर पी भुसावल, सूरज राय, मनीष, मनेश्वर, कुणाल डोंगरे, महावीर चंद्राकर, जितेंद्र सिंह आदि रोज खेलते हैं। जिम्मेदारी के साथ अपने टीम को चला रहे हैं।